क्रमांक एफ 6 (96) 2015/कार्मिक/प्रमुवसं/9388-9488 दिनांक 08/09/2022

निमित्त,

समस्त वनाधिकारीगण,
राजस्थान।

विषय : वनकर्मी शहीद दिवस 11 सितम्बर 2022 को कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में।

महोदय,

विषयान्तर्गत लेख है कि राजस्थान की वीरांगना **''अमृता देवी''** ने अपने 363 सहयोगियों के साथ वृक्षों को बचाने के लिये दिनांक 11 सितम्बर, 1732 को अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। वृक्षों की रक्षा हेतु बलिदान की इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वन विभाग के 22 कर्मचारी एवं अधिकारीगण वन एवं वन्य जीवों की रक्षा के कार्य में अपनी जान गंवा चुके हैं।

प्रतिवर्ष इन वन कर्मियों के बलिदान की स्मृति में इस दिवस को **''वनकर्मी शहीद दिवस''** के रुप में प्रत्येक जिले/वन मण्डल में मनाया जाता है। **''वनकर्मी शहीद दिवस''** के अवसर पर उक्तानुसार व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु मीडिया कर्मियों, जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जाकर कार्यक्रम आयोजित किये जावे एवं उनकी सफलता भी सुनिश्चित की जाकर एक प्रतिवेदन इस कार्यालय को भी भिजवावे।

भवदीय,

(डॉ0 दीप नारायण पाण्डेय)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 6 (96) 2015/कार्मिक/ प्रमुवसं/ दिनांक

प्रतिलिपि मुख्य वन संरक्षक, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि जयपुर शहर स्थित ''**वनकर्मी शहीद उद्यान**'' जलमहल, आमेर रोड़ पर दिनांक 11 सितम्बर 2022 को प्रातः 11.00 बजे मुख्य समारोह आयोजित करें।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक,(HOFF) राजस्थान जयपुर।
2. समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण, अरण्य भवन एवं जयपुर स्थित समस्त कार्यालय।
3. नोटिस बोर्ड।/ कम्प्यूटर अनुभाग. कार्या. हाजा. की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(बृज मोहन गुप्ता)
उप वन संरक्षक (अराज.प्रस्था.)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
राजस्थान जयपुर